204

III

Total No. of Questions : 18
Total No. of Printed Pages : 4

Regd. No.

Part-II

HINDI, Paper-II

(Second language)

Time : 3 Hours] ***[Max. Marks : 100***

सूचनाएँ :-

(1) **सभी** प्रश्न *अनिवार्य* हैं।

(2) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है।

खण्ड - क

(52 - अंक)

1. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** कविता का 24 पंक्तियों में सारांश लिखिए। **1×8=8**

(a) थके हुए कलाकार से।

(b) रानी और कानी।

2. ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर दीजिए। **1×8=8**

(a) बिहारी की काव्य-कला की विशेषताएँ लिखिए।

(b) "नदी के द्वीप" कविता का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

3. ***किसी एक*** पाठ का सारांश 24 पंक्तियों में लिखिए। **1×8=8**

(a) संस्कार

(b) मंदिर की नींव

4. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** प्रश्न का 24 पंक्तियों में उत्तर लिखिए। **1×8=8**

(a) 'प्रतिज्ञा' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(b) 'पूर्णा' पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

5. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **2×3=6**

(a) जो गरीब सों हित करे, धनि रहीम ते लोग।
कहा सुदामा बापुरो, कृष्ण मिताई जोग॥

(b) भूषण भार संभारि है, क्यौं इहि तन सुकुमार।
सूधे पाइ न धर परैं, सोभा ही कौं भार॥

(c) काँपे कुल अंग
दायीं आँख से
आँसू भी बह चले माँ के दुःख से।

(d) द्वीप हैं हम। यह नहीं है शाप। यह अपनी नियति है।
हम नदी के पुत्र हैं। बैठे नदी के क्रोड में।
वह बृहद भूखण्ड से हम को मिलाती है।
और वह भूखण्ड अपना पितर है।

6. ***किन्हीं दो*** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2×3=6

(a) आने वालों में सभी साधु नहीं रहे, कुछ लुटेरे, आक्रमक और अधिक भी रहे हैं। इनका आतिथ्य इस देश ने उन्हीं के अनुकूल किया है। इतिहास में कुछ आक्रमण तो ऐसे हैं, जिनका कुछ भी प्रभाव इस देश पर नहीं पड़ा। वे आये और चले गये।

(b) प्रिय माता जब परलोग सिधारीं, तब भी पिता के कारण उसकी स्थिति में कोई परिवर्तन न आने पाया। परंतु पिता के आँख मूँदते ही मानो संसार की सब वस्तुओं का मूल्य ही बदल गया।

(c) मेरा विजयी होने का मतलब है देश की विजय होना।

(d) कोमुरम भीम अपने साथियों सहित निज़ाम सरकार की सेना को चुनौती देने लगे।

7. ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए। 2×2=4

(a) माखन-चाखनहार किन-किन से हमारी रक्षा करते हैं?

(b) माँ किसकी शादी के बारे में चिंतित है?

(c) अज्ञेय जी का जन्म कब हुआ है?

(d) धर्मवीर भारती जी की रचनाओं पर प्रकाश डालिए।

8. ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में लिखिए। 2×2=4

(a) संसद की कार्यवाही किन भाषाओं में चलती है?

(b) बिट्टो का स्वभाव कैसा था?

(c) मुंशीराम शर्मा जी के अनुसार सोलह संस्कारों का क्या लक्ष्य है?

(d) कोमुरम भीम के परिवार क्या करते थे?

खण्ड - ख

(48 - अंक)

9. निम्नलिखित *गद्यांश* को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5× 1=5**

मनुष्य की चेष्टाओं और कार्यकलाप से भावों का मूल संबंध निरूपित हो चुका है और यह भी दिखाया जा चुका है कि कविता इन भावों या मनोविकारों के क्षेत्र को विस्तृत करती हुई इनका प्रसार करती है। पशुत्व से मनुष्यत्व में जिस प्रकार अधिक ज्ञान प्रसार की विशेषता है, उसी प्रकार अधिक भाव प्रसार की भी। पशुओं के प्रेम की पहुँच प्राय: अपने जोड़े, बच्चों या खिलाने-पिलाने वालों को सताने वालों तक ही होती है। इसी प्रकार उनका क्रोध भी अपने सताने वालों तक ही जाता है, स्ववर्ग या पशुमात्र को सताने वालों तक नहीं पहुँचता। पर मनुष्य में ज्ञान-प्रसार के साथ भाव प्रसार भी क्रमशः बढ़ता गया है। अपने परिजनों, अपने संबंधियों, अपने पड़ोसियों, अपने देशवासियों तथा मनुष्य मात्र और प्राणिमात्र तक से प्रेम करने भर की जगह उसके हृदय में बन गई है। मनुष्य की त्यौरी मनुष्य को ही सताने वाले पर नहीं चढ़ती, गाय-बैल और कुत्ते-बिल्ली को सताने वाले पर भी चढ़ती है। पशु की वेदना देखकर भी उनके नेत्र सजल होते हैं। बंदर को शायद बंदरिया के मुँह में ही सौंदर्य दिखाई पड़ता होगा। पर मनुष्य पशु-पक्षी, फूल-पत्ते और रेत-पत्थर में भी सौंदर्य पाकर मुग्ध होता है। इस हृदय-प्रसार का स्मारक स्तम्भ काव्य है, जिसकी उत्तेजना से हमारे जीवन में एक नया जीवन आ जाता है। हम सृष्टि के सौंदर्य को देखकर रसमग्न होने लगते हैं, कोई निष्ठुर कार्य हमें असह्य होने लगता है। हमें जान पड़ता है कि हमारा जीवन कई गुना बढ़कर सारे संसार में व्याप्त हो गया है।

प्रश्न :-

(a) पशुओं का प्रेम कैसा होता है ?
(b) मनुष्य में प्रेम का प्रसार किस प्रकार होता है ?
(c) सुंदरता किस प्रकार परिभाषित होती है ?
(d) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(e) किन में ज्ञान-प्रसार के साथ भाव प्रसार बढ़ता गया है ?

10. निम्नलिखित वाक्यों में से ***किन्हीं दो*** वाक्यों का वाच्य बदलिए। **2× 2=4**

(a) राम पत्र लिखता है।
(b) रमेश नहाया।
(c) कृष्ण से कंस मारा गया।
(d) गोपाल ने रोटी खायी।

11. निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं पाँच*** (5) शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए। **5× 1=5**

(a) प्रत्येक
(b) यद्यपि
(c) नयन
(d) निर्गुण
(e) पुरस्कार
(f) कवीश्वर
(g) सप्तर्षि
(h) देवेन्द्र
(i) गुरुपदेश
(j) गिरीश

12. निम्नलिखित शब्दों में से ***किन्हीं पाँच*** शब्दों के सविग्रह समास बताइए। **5× 1=5**

(a) शरणागत
(b) यथाशक्ति
(c) राजकुमार
(d) पीताम्बर
(e) सतसई
(f) नीलकंठ
(g) नर-नारी
(h) रोगग्रस्त
(i) देश भक्ति
(j) कमलनयन

13. निम्नलिखित मुहावरों में से ***किन्हीं चार*** मुहावरों का अर्थ लिखिए। **4× 1=4**

(*a*) अक्ल का दुश्मन (*b*) अरण्य रोदन
(*c*) आग बबूला होना (*d*) इतिश्री करना
(*e*) ईश्वर को प्यारा होना (*f*) श्री गणेश करना

14. निम्नलिखित लोकोक्तियों में से ***किन्हीं चार*** लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए। **4× 1=4**

(*a*) काला अक्षर भैंस बराबर (*b*) गरजे सो बरसे नहीं
(*c*) लकड़ी के बल बंदरिया नाचै (*d*) मन में राम बगल में छुरी
(*e*) घाट-घाट का पानी पीना (*f*) रस्सी जल गयी पर ऐंठ न गयी

15. निम्नलिखित गद्यांश का एक तिहाई ($\frac{1}{3}$) में संक्षिप्तीकरण कीजिए। **6× 1=6**

गाँधी जी को किसी भाषा से द्वेष नहीं था और न वे यह चाहते थे कि लोग अंग्रेजी न पढ़े, लेकिन वे अंग्रेजी को अनंतकाल तक देश की एकमात्र राजभाषा के रूप में स्वीकार करने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने अनेक अवसरों पर यह विचार प्रकट किया था कि केवल थोड़े से अंग्रेजी लोगों की हित रक्षा के लिए , सर्वसाधारण के ऊपर अधिक समय तक बोझ की तरह बनाये रखना राष्ट्रीय भावना और देश की एकता के प्रतिकूल है। देश की खंडित आत्मा की एकता के लिए देश की धरती में ही जन्मी और फली-फूली अपनी ही किसी भाषा को पूरे देश के कामकाज की भाषा बनाना स्वाधीनता आंदोलन का सबसे आवश्यक ढंग है। उसी में हमें भावनाओं के सही रूप की छाया मिल सकती है। जहाँ तक सारे देश के लिए ऐसी एक भाषा की स्वीकृति का प्रश्न है- वह भाषा हिन्दी ही हो सकती है और सभी राष्ट्रीय भावना वाले भारतीयों का यह संकल्प होना चाहिए कि स्वयं हिन्दी में अच्छा ज्ञान प्राप्त करें और इसके विकास के लिए प्रयत्न करें।

16. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **5× 1=5**

(*a*) Telugu is our mother tongue. (*b*) Please treat this as most urgent.
(*c*) Necessary action may be initiated.
(*d*) We are not concerned with this. (*e*) Cow gives milk.

17. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से सही उत्तर को पहचानिए। **5× 1=5**

(1) रहीम किनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे ?
(*a*) बाबर (*b*) औरंगजेब (*c*) अकबर (*d*) शाहजहाँ
(2) भारत सरकार ने किस पुरस्कार से भारती जी का सम्मान किया ?
(*a*) भारत रत्न (*b*) पद्मश्री (*c*) खेल रत्न (*d*) ऑस्कर पुरस्कार
(3) शिक्षा के क्षेत्र में त्रिभाषा का क्या अर्थ है ?
(*a*) तीन भाषा (*b*) तीस भाषा में (*c*) पाँच भाषा में (*d*) दस भाषा में
(4) बिट्टो का गद्य रूप क्या है ?
(*a*) एकांकी (*b*) कहानी (*c*) नाटक (*d*) रेखाचित्र
(5) कोमुरम भीम का जन्म आन्ध्रदेश के तेलंगाना क्षेत्र के किस गाँव में हुआ ?
(*a*) इन्दरवेल्ली (*b*) कलवाकुर्ती (*c*) सुंकेपल्ली (*d*) डोडरना

18. जोड़ियाँ बनाइए। **5× 1=5**

(1) महादेवी वर्मा	(*a*) संजीवा चिलुकमारी
(2) हिन्दी दिवस	(*b*) कनुप्रिया
(3) धर्मवीर भारती	(*c*) सुदामा
(4) कोमुरम भीम	(*d*) बिट्टो
(5) कृष्ण	(*e*) 14 सितम्बर को